the Ninth Five Year Plan?

THE MINISTER OF LABOUR (SHRI G. VENKAT SWAMY): (a) The number of job-seekers, all of whom are not necessarily unemployed, who were on the live register of employment exchanges in the country at the beginning of the Eighth Five Year Plan was 365.5 lakhs.

(b) 7.5 lakh job-seekers were placed in employment through the employment exchanges in the country during the period from 1.4.92 to 31.8.95.

(c) and (d) The employment strategy of the Eighth Plan has been formulated as part of 10-year medium term perspective of achieving the goal of near full employment by the year 2002. The Eighth Plan strategy envisages generation of additional employment opportunities of the order of 8.5 million per year, on an average, through faster growth of employment intensive sectors, subsectors and activities like agriculture, agro and rural industries, rural infrastructure, small and decentralised manufacturing sector, urban informal sector and services. The registered unemployed are aso likely to benefit from this. A continuation of the Eighth Plan strategy in the period 1997-2002 is expected to progressively increase employment levels to take care of the backlog of unemployment at the beginning of the Eighth Plan and the additions to labour force during the Eighth Plan (35 million) and in the period 1997-2002 (36 million) and attain the goal of near full employment by 2002.

कोयला परियोजनाओं को पूरा करने के लिये सहयोग की मांग

1397. **श्री जनेश्वर मिश्र:** क्या **कोयला** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने कुछ कोयला परियोजनाओं को पूरा करने के लिये कुछ विदेशी कंपनियों से सहयोग मांगा है, यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं और इस सहयोग की निबंधन और शर्तें क्या-क्या हैं;

(ख) क्या यह सच है कि कोयला क्षेत्र की कुछ परियोजनाओं के विलम्ब का कारण अधिकारियों द्वारा प्रदर्शित लालफीताशाही है और ऐसे अधिकारियों के खिलाफ सरकार द्वारा क्या कार्यवाही की गयी है; और

(ग) इस संबंध में तथ्यगत ब्यौरे क्या हैं?

कोयला मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री जगदीश टाइटलर): (क) चालू परियोजनाओं को पूरा किए जाने के लिए किसी भी विदेशी कंपनी से कोई सहायता नहीं मांगी जा रही है। तथापि, दिनांक 1.12.1995 को कोल इंडिया लि० (को०इं०लि०) तथा सिंगरेनी कोलियरीज़ कंपनी लि० (सि०को०कं०लि०) में बहुपक्षीय/द्विपक्षीय सहयोग करारों के एक भाग के रूप में विदेशी कंपनियों के तकनीकी एवं वित्तीय सहायता से 10 परियोजनाएं क्रियान्वयनाधीन हैं।

(ख) और (ग) कोयला क्षेत्र में परियोजनाओं में अधिक समयावधि लगने के मुख्य कारण निम्न हैं—भूमि अधिग्रहण और सम्बद्ध पुनर्वास समस्याओं में विलंब, विपरीत भू-खनन परिस्थितियां, उपकरणों की आपूर्ति में विलंब और "टर्न-की" निष्पादन में विलंब और निधि संबंधी व्यवधान। ऐसी परियोजनाएं जहां कि लागत अधिक आती है, संशोधित लागत अनुमानों को बनाए जाते समय गहराई से मदवार लागत वृद्धि की उनके कारणों सहित समीक्षा की जाती है, जोकि सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुमोदित की जाती है। जिम्मेवारी का प्रश्न तब उठेगा जबकि परियोजना के योजनाकर्ताओं अथवा परियोजना क्रियान्वयन अधिकारियों के कारण कोई गलती हो जाती है। किसी भी व्यक्ति विशेषकर लापरवाही होने के संबंध में कोई विशिष्ट रिपोर्ट नहीं है।

खाद्यान्नों का बफर स्टाक

1398. **श्री अजित जोगी:** क्या **खाद्य** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) जून, 1995 तक खाद्यान्नों का कुल भण्डार कितना था;

(ख) प्रत्येक श्रेणी में वर्तमान स्टाक की स्थिति क्या है;

(ग) क्या केन्द्रीय सरकार स्टाक के वर्तमान स्तर को घटाने का विचार रखती है; और

(घ) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं?

खाद्य मंत्री (श्री अजित सिंह): (क) और (ख) पहली जुलाई 1995, पहली अक्तूबर, 1995 और पहली